NSW यौन हिंसा (सेक्सुअल वॉयलेंस) हेल्पलाइन प्रवासियों और शरणार्थियों की सहायता करती है

हर किसी को यौन हिंसा से सुरक्षित रहने का अधिकार है। हम यौन हिंसा से प्रभावित किसी भी व्यक्ति की सहायता करते हैं।

चाहे आप पीड़ित-उत्तरजीवी (विक्टम-सर्वाइवर) हों, आपका कोई करीबी प्रभावित हुआ हो, या आप कोई पेशेवर हों, NSW यौन हिंसा हेल्पलाइन (Sexual Violence Helpline) आपकी सहायता कर सकती है।

चाहे आपकी उम्र, लिंग, लैंगिकता, पृष्ठभूमि, वीज़ा स्थिति कुछ भी हो या यह हिंसा कब हुई, हम आप पर विश्वास करते हैं। आप अकेले/ली नहीं हैं। परामर्श (काउंसलिंग) सहायता उपलब्ध है।

एनएसडब्ल्यू यौन हिंसा हेल्पलाइन आपकी किस प्रकार सहायता कर सकती है:

- निःशुल्क, गोपनीय ट्रॉमा विशेषज्ञ परामर्श 24/7
- जब आपको बात करने की ज़रूरत हो तो कोई ऐसा जो आपकी बात सुने
- आपके, आपके परिवार और समुदाय के लिए सहायता
- चिकित्सा, आवास, कानूनी और अन्य सेवाओं के बारे में जानकारी
- सुरक्षा और उबरने (रिकवरी) की योजना बनाने में सहायता
- जब आप अन्य सेवाओं की प्रतीक्षा कर रहे हों तो परामर्श सहायता

हम निम्न काम करेंगे:

- आपका और आपकी संस्कृति का सम्मान करना
- आप पर विश्वास और आपकी सहायता करना
- राय न बनाना या भेदभाव न करना

हम आपकी सुरक्षा और कल्याण को सर्वोपरि मानते हैं

आपकी वीज़ा स्थिति कुछ भी हो, आप NSW यौन हिंसा हेल्पलाइन का उपयोग कर सकते हैं।

हमारे सभी परामर्शदाताओं को ट्रॉमा संबधी और सभी संस्कृतियों के लोगों को परामर्श प्रदान करने में प्रशिक्षित किया गया है।

हम आपकी सहायता करेंगे चाहे आप पुलिस जैसी सेवाओं को रिपोर्ट करना चाहें या नहीं, और चाहे आप रिश्ते में बने रहने का फैसला करें या उसे छोड़ दें।

1800 424 017

Full Stop Australia

प्रत्येक व्यक्ति के मौलिक मानवाधिकार हैं। हम सभी को यौन हिंसा से मुक्त रहने का अधिकार है।

सुरक्षा, गरिमा और सम्मान का अधिकार - चाहे आपकी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, भाषा या वीज़ा स्थिति कुछ भी हो।

अंग्रेजी में अधिक जानकारी पाने के लिए अपने फोन कैमरे से इस क्यूआर कोड को स्कैन करें।

यौन हिंसा तब होती है जब कोई व्यक्ति:

यौन हिंसा तब होती है जब कोई आपको ऐसी यौन गतिविधियों में शामिल होने के लिए मजबूर करता है जिन्हें आप करना नहीं चाहते/ती हैं, जब किसी को सेक्स के लिए मना करने में आपको डर लगता है या जब कोई आपके मना करने के बाद भी आप पर सेक्स के लिए दबाव डालता रहता है।

इसमें वह भी शामिल है जब कोई व्यक्ति आपसे यौन बातें कहता है, जो आप नहीं चाहते/ती, आपको यौन वीडियो या चित्र देखने के लिए मजबूर करता है या आपकी अनुमति के बिना आपकी निजी तस्वीरें या वीडियो लेता है, या आपके शरीर, गर्भावस्था या जन्म नियंत्रण को नियंत्रित करता है।

हर किसी का अनुभव और उबरने का सफ़र अलग होता है

यौन हिंसा कहीं भी हो सकती है - घर पर, कार्यस्थल पर या सार्वजनिक स्थानों पर - और इसके नुकसानदायक होने के लिए यह ज़रूरी नहीं है कि कोई शारीरिक चोट लगे। जिस व्यक्ति ने आपको नुकसान पहुंचाया है, वह कोई ऐसा व्यक्ति हो सकता है जिसे आप जानते/ती हों, जिस पर आप भरोसा करते/ती हों या जिस पर आप निर्भर हों। चाहे आपको किसी ने भी नुकसान पहुंचाया हो, यौन हिंसा कभी भी उचित नहीं है। जो हुआ वह आपकी गलती नहीं थी। हमारे परामर्शदाता आपकी सहायता के लिए यहां मौजूद हैं, भले ही आपको यह पता न हो कि क्या हुआ है। हम आपको संभावित अगले कदम तय करने में मदद करेंगे।

संपर्क करना एक कठिन कदम हो सकता है। हम आपकी बात सुनने और आपकी मदद करने के लिए यहां हैं।
आप अकेले/ली नहीं हैं।

प्रत्येक व्यक्ति के मौलिक मानवाधिकार हैं।

आपको निम्नलिखित के बारे में अपने निर्णय स्वयं लेने का अधिकार है:

- अपने शरीर के बारे में और यह कि क्या आप सेक्स करना चाहते/ती हैं
- आप किसके साथ रिश्ता बनाना चाहते/ती हैं
- आप किसी रिश्ते को कब ख़त्म करना चाहते/ती हैं
- बच्चे पैदा करना और जन्म नियंत्रण का उपयोग करना

जब आप फ़ोन करते/ती हैं:

आपकी कॉल का उत्तर एक परामर्शदाता द्वारा दिया जाएगा। आप यह चुनते/ती हैं कि अपने बारे में कौन सी व्यक्तिगत जानकारी साझा करनी है। आप निजी (प्राइवेट) नंबर से कॉल कर सकते/ती हैं। हमें आपकी सहायता करने के लिए आपको घटना के बारे में सभी विवरण बताने की आवश्यकता नहीं है।

उत्तरजीवी अधिवक्ताओं और फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं के सहयोग से डिज़ाइन किया गया

fullstop.org.au

फुल स्टॉप ऑस्ट्रेलिया **एनएसडब्ल्यू यौन हिंसा हेल्पलाइन का संचालन करता है।** हमें एनएसडब्ल्यू सरकार से धन प्राप्त होता है।